बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–11.11.2024

हत्या की योजना विफल एवं सिवान जिला के टॉप–10 कुख्यात वांछित अपरधकर्मी जितेन्द्र कुमार यादव अपने अन्य तीन सहयोगी के साथ अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार

- दिनांक 10.11.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं सिवान जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सीवान जिला का टॉप–10 कुख्यात वांछित अपराधकर्मी 1. जितेन्द्र कुमार यादव उर्फ़ जिम्मी उर्फ़ मास्टर पे0 स्व0 शारदानन्द चौधरी सा0 पकवलिया थाना हुसैनगंज जिला सीवान अपने तीन अन्य सहयोगी 2. शेख मुन्ना पे0 मोहम्मद मुस्तफा सा0 कन्हौली थाना MH नगर जिला सीवान 3. अनिल कुमार गुप्ता उर्फ़ अनिल कुमार साह पे0 दया शंकर साह सा0 सलोनेपूर थाना हुसैनगंज जिला सीवान एवं 4. दया शंकर साह पे0 स्व0 शिव नंदन साह सा0 सलोनेपूर थाना हुसैनगंज जिला सीवान को हुसैनगंज थाना क्षेत्र से छापामारी कर अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में हुसैनगंज थाना कांड संख्या 397/24 दिनांक 10.11.2024 धारा–310(4)/310(5) बी0एन0एस0 एवं 25(1–बी)ए/26/35 आर्म्स ऐक्ट एवं 8(सी)/21(बी) एन0डी0पी0एस0 एक्ट दर्ज किया गया।
- बरामदगीः–
  1. देशी पिस्टल–02
  2. 7.65**mm** जिंदा कारतूस–06
  3. खोखा–01
  4. स्मैक–115 पुड़िया
  5. एंड्रॉयड मोबाइल–05
  6. बाइक–01
  7. नगद–12,500/–

- उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अपराधी जितेन्द्र उर्फ जिम्मी उर्फ मास्टर द्वारा जमीनी विवाद में सैयद हुसैन सा0 सलोनेपूर थाना हुसैनगंज जिला सिवान की हत्या करने के लिए एक लाख रूपये की सुपारी ली गयी थी। बिहार एस0टी0एफ0 एवं सिवान जिला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, हत्या जैसे गंभीर घटना को कारित होने से रोका गया।

- उक्त अपराधी हत्या करने के उद्देश्य से ही बनारस से सिवान आया था एवं हत्या कर नेपाल भागने की फिराक में था।
- उक्त अपराधी दिनांक 19.06.2024 को मुफ्फसिल (सिवान) थाना क्षेत्र में हुए चर्चित गोल्डेन मांझी (न्यायालय कर्मी) की हत्याकांड की घटना, दिनांक 03.09.2019 को हुसैनगंज थाना क्षेत्र में हुए कल्याणदत्त पाण्डेय हत्याकांड की घटना, दिनांक 19.07.2020 को हुए मुफ्फसिल (सिवान) थाना क्षेत्र में हुए वीरेन्द्र यादव हत्याकांड की घटना में शामिल था।
- उक्त अपराधी के विरूद्ध सिवान जिला के विभिन्न थानों में हत्या एवं आर्म्स एक्ट सहित कई कांड दर्ज है।

STF